# कार्यालय कलेक्टर, जिला–रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 291 / धर्मार्थ / 2017 रीवा, दिनांक 20/11/2017

प्रति,

सचिव,
म0प्र0 शासन,
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग,
भोपाल

विषयः– मंदिरों का जीर्णोद्धार की राशि दिलाने बावत् ।अतारांकित प्रश्न क्रमांक 411 श्री सुखेन्द्र सिंह ।

संदर्भः– मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय का पत्र दिनांक 14.11.2017 ।

:–:

विषयॉकित विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 411 का उत्तर तैयार कर आपकी ओर सम्प्रेषित है ।

| क्रमांक | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | प्रश्नकर्ता के पत्र क्रमांक 799 दि0 10.12.15 पर माननीय मंत्री जी द्वारा पत्र क्रमांक 3190 / एम.असई.एन.सी .जे / 2015 दि0 11.12.15 द्वारा विधानसभा क्षेत्र मऊगंज 71 के शिवमंदिर हाटा, गणेशधाम बरांव,चतुर्भुज मंदिर दुबिया चौहना के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव धर्मस्व को यथोचित कार्यवाही करने एवं प्रश्नकर्ता को जिला प्रशासन से डी0 पी. आर उपरोक्त मंदिरों का बनाने के संबंध में पत्र लिखा था जिस पर प्रश्नकर्ता द्वारा पत्र क्रमांक 818दिनांक 18.12.15 द्वारा पत्र कलेक्टर रीवा को उपरोक्त पत्र के संबंध में लिखा गया था । | शासन से संबंधित है ।<br>मंदिरों का प्राक्कलन (एस्टीमेंट) इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 268 / धर्मार्थ / 2016 रीवा दिनांक 23 नवम्बर / 2016 को जानकारी शासन को भेजी जा चुकी है । |
| (ख) | प्रश्नांश ख के प्रकाश में लोक निर्माण विभाग द्वारा उपरोक्त मंदिरों का डी0 पी0 आर तैयार किया जाकर भेजा गया था । | शासन से संबंधित है । |
| (ग) | प्रश्नांश (क) (ख) के प्रकाश में यदि हां तो प्रश्न दिनांक तक जीर्णोद्धार की राशि क्यों नहीं उपलब्ध कराई गई ? यदि कराई जावेगी तो कब तक ? | शासन से संबंधित है । |
| (घ) | प्रश्नांश (क)(ख)(ग) के संबंध में धर्मस्व विभाग द्वारा प्रदेश में कितने मंदिरों के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव वर्ष 2015–16,2016–17 में प्राप्त हुए प्रस्ताव क्रमांक दिनांक मंदिर का नाम, तहसील एवं जिला सहित सूची उपलब्ध करावें ? उपरोक्त वर्ष में कितने मंदिरों को राशि जारी की गई सूची उपलब्ध करावें ? | जिला रीवा के अंतर्गत निम्नानुसार शासन संधारित मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु प्रस्ताव म0प्र0 शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग भोपाल को भेजे गये । मंदिरवार विवरण निम्नानुसार है ।<br>1. हनुमान मंदिर सूरा – तहसील मनगवा ।<br>2. देवतालाब जिला रीवा अति प्राचीन मंदिर शिवमंदिर, तहसील मउगंज<br>3. हनुमान मंदिर चाकघाट – तहसील त्यौंथर<br>4. श्री जगन्नाथ जी स्वामी मंदिर बिछिया तहसील हुजूर जिला–रीवा<br>5. श्री नृत्यराघव शरण मंदिर तहसील हुजूर जिला रीवा ।<br>जीर्णोद्धार हेतु शासन द्वारा निर्माण एजेन्सी को जारी की गई राशि का मंदिर वार विवरण निम्नानुसार है ।<br>1 हनुमान मंदिर सूरा – राशि रू0 8.00 लाख ।<br>2हनुमान मंदिर चाकघाट – राशि रू0 15.00 लाख<br>3.मंदिर देवतालाबजिला रीवा स्थित अति प्राचीन शिवमंदिर देवतालाब जिला– रीवा राशि रू0 15.80 लाख । |

कार्यालय कलेक्टर, जिला– रीवा (म0 प्र0 )

क्रमांक 300 / धर्मार्थ / 2017 रीवा, दिनांक 22/ 11/2017

प्रति,

सचिव,
म0 प्र0 शासन,
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग,
भोपाल

विषयः– प्रश्न कर्ता के पत्रों पर कार्यवाही । अतारांकित प्रश्न क्रमांक 414 ) श्री सुखेन्द्र सिंह ।

संदर्भ :– म0 प्र0 विधान सभा सचिवालय का अतारांकित प्रश्न क्रमांक 414

:–:

विषयॉकित विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 414 का उत्तर तैयार कर आपकी ओर सम्प्रेषित है ।

| क्रमांक | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | प्रश्नकर्ता द्वारा पत्र क्रमांक क्यू रीवा दिनांक 16.8.2017 से कलेक्टर रीवा से विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित गणेशधाम मंदिर बरांव , हनुमना, हाटेश्वर शिव मंदिर हाटा ब्लाक हनुमना , हनुमान मंदिर हनुमना के मंदिरों को शासन संधारित करने हेतु पत्र लिखा गया था । | जी हॉ |
| (ख) | प्रश्नांश (क) के प्रकाश में यदि हां तो कलेक्टर रीवा द्वारा अपने पत्र क्रमांक 236/धर्मार्थ/ 2017रीवा दिनांक 29.8.2017 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी हनुमना को पत्र लिखकर स्थल निरीक्षण मंदिरों की फोटो, खसरा की नकल, नजरी नक्शा के साथ अभिमत सहित 15 दिवस के अंदर भेजने का लेख किया गया था । | जी हॉ । |
| (ग) | प्रश्नांश (क) (ख) के प्रकाश में यदि प्रश्न दिनांक तक क्या कार्यवाही की गई ? उपरोक्त सभी की प्रतिलिपियां उपलब्ध करावें ? | जानकारी संलग्न है ।(पत्रों की छाया प्रतियॉ ) |
| (घ ) | प्रश्नांश (क)(ख)(ग) के प्रकाश में यदि नही तो क्यों बतावें । कि कब तक प्रश्नांश (क) एवं (ख) अनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी ? | कार्यवाही प्रचलन में है । कार्यवाही पूर्ण होने पर शीघ्र प्रतिवेदन शासन को भेजा जावेगा । |

कलेक्टर,
जिला रीवा (म0प्र0)

कार्यालय कलेक्टर, जिला–रीवा (म0प्र0)

क्रमांक 3044 / धर्मार्थ / 2017 रीवा, दिनांक 27 / 11 / 2017

प्रति,

सचिव,
म0प्र0 शासन,
धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग,
भोपाल (म0प्र0)

विषयः– अधोलिखित मंदिरों को शासन संधारित किये जाने के संबंध में ।

संदर्भः– मान्नीय सुखेन्द्र सिंह बन्ना, का पत्र कमांक 16.8.2017 ।

:–:

मान्नीय विधायक द्वारा प्रस्तुत विषयॉकित पत्र को अनुविभागीय अधिकारी तहसील हनुमना की ओर भेजा जाकर प्रतिवेदन चाहा गया था । अनुविभागीय अधिकारी हनुमना ने निम्नानुसार प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है :–

1. गणेश धाम मंदिर बरांव– उक्त मंदिर शासकीय आराजी पटवारी हल्का बरांव क्रमांक 12 ग्राम बरांव ज0 नं0 695,रा0 नि0 सर्किल पहाडी तहसील हनुमना जिला रीवा आराजी नं0 2341 रकवा 0.092 हे0 एवं अन्य धार्मिक स्थल खसरा में दर्ज है । जिसमें गणेश जी का मंदिर है जिसमें पुरानी गणेश जी की मूर्ति स्थापित है (खसरा की प्रति संलग्न है )
2. शिव मंदिर हाटा– उक्त मंदिर ग्राम हाटा हल्का हाटा रा0 नि0 हनुमना भूमि नं0 267,रकवा 0.162 तहसील हनुमना भूमि स्वामी म0 प्र0शासन । (खसरा की प्रति संलग्न है )
3. हनुमान मंदिर हनुमना – उक्त मंदिर ग्राम हनुमना प0 ह0 हनुमना रा0 नि0 हनुमना सर्किल हनुमना जिला रीवा म0 प्र. आराजी नं0 212 रकवा 0.101 में हनुमान मंदिर स्थित है । भूमि स्वामी म0 प्र0 शासन । (खसरा प्रति संलग्न है )

उपरोक्त मंदिर शासन संधारित मंदिर नहीं है । (व्यवस्थापक कलेक्टर अभिलेखों में दर्ज नहीं है ) उक्त मंदिरों को शासन संधारित करने हेतु प्रतिवेदन अनुशंसा सहित सम्प्रेषित है ।

(कलेक्टर द्वारा आदेशित)

संलग्न :– छाया प्रतियाँ ।

अपर कलेक्टर,
जिला–रीवा (म0प्र0)